संख्या–cm-78
08/02/2025

मुख्यमंत्री ने आई0जी0आई0एम0एस0 स्थित प्रांगण में चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भवन के ब्लॉक (ए एवं डी) का किया उद्घाटन

पटना, 08 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान शेखपुरा, पटना के स्थित प्रांगण में चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भवन में 280 करोड़ रूपये लागत की 200 बेड वाले ब्लॉक ए एवं ब्लॉक डी का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस भवन के ग्राउंड फ्लोर के ब्लॉक ए में रेडियोलॉजी विभाग तथा ब्लॉक डी में किचन, एम0जी0पी0एस0 सर्विस ब्लॉक है। फर्स्ट फ्लोर के ब्लॉक ए में गायनेकोलॉजी कंपलेक्स तथा ब्लॉक डी में गायनेकोलॉजी वार्ड के लिए 60 बेड उपलब्ध है। सेकेंड फ्लोर के ब्लॉक ए में पेडियाट्रिक तथा एन0आई0सी0यू0 एवं पी0आई0सी0यू0 में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 10 बेड उपलब्ध है जबकि ब्लॉक डी में पेडियाट्रिक वार्ड के लिए 60 बेड उपलब्ध है। थर्ड फ्लोर के ब्लॉक ए में मेडिसीन डिपार्टमेंट तथा आई0सी0यू0 एवं एम0आई0सी0यू0 में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 10 बेड उपलब्ध है। ब्लॉक डी में मेडिसीन वार्ड के लिए 10 बेड उपलब्ध है। फोर्थ फ्लोर के ब्लॉक ए में सर्जरी डिपार्टमेंट तथा बी0आई0सी0यू0 एवं एस0आई0सी0यू0 के लिए 10 बेड उपलब्ध है जबकि ब्लॉक डी में प्रशासनिक विभाग तथा लेक्चरर थियेटर है। फिफ्थ फ्लोर के ब्लॉक ए में ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट तथा आर0आई0सी0यू0 एवं डायलिसिस के लिए 10 बेड उपलब्ध है। ब्लॉक डी में प्राइवेट रूम के लिए 20 बेड उपलब्ध है। सिक्थ फ्लोर के ब्लॉक ए में मेडिकल रिकॉर्ड एवं ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध है। ब्लॉक डी में प्राइवेट रूम के लिए 20 बेड उपलब्ध है।

उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन के ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर, सिक्थ फ्लोर एवं छत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल के विभिन्न भागों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत पर सोलर प्लेट लगायें ताकि यहां पर सौर ऊर्जा का उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि यह भवन अच्छा बना है, यहां चिकित्सा की आधुनिक सुविधायें उपलब्ध होंगी। हमलोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तथा चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में इलाज की बेहतर व्यवस्था की गई है। मुफ्त दवा का वितरण किया जा रहा है। लोगों के हित के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य–सह–कृषि मंत्री श्री मंगल पांडे, विधायक श्री संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, आई0जी0आई0एम0एस0 के निदेशक श्री बिंदे कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******